**प्रेस विज्ञप्ति**

**20 सितंबर, 2025**
**नई दिल्ली**

**विश्व पर्यावास दिवस समारोह के अंतर्गत हडको वार्षिक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन**

**आईएचसी में रंगों की बौछार, बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का किया प्रदर्शन**






हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हडको), एक नवरत्न एनबीएफसी-आईएफसी, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) के अंतर्गत आज इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में **सुविधाओं से वंचित बच्चों** के लिए अपनी वार्षिक चित्रकला प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

**श्री संजय कुलश्रेष्ठ, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, हडको ने इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. केजी सुरेश, निदेशक, इंडिया हैबिटेट सेंटर के साथ इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया।** उन्होंने बच्चों से बातचीत की और उन्हें एक समावेशी एवं सतत् भविष्य का प्रतिनिधि बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर, श्री संजय कुलश्रेष्ठ ने कहा कि यह पहल केवल चित्रकला तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों को स्वपन संजोने, अपने विचार अभिव्यक्त करने और प्रेरणा देने का अवसर प्रदान करती है। इनकी रचनात्मकता हमें याद दिलाती है कि हमारे कस्बों और शहरों का भविष्य युवा पीढ़ी के हाथों में है, और हडको इस भावना को पोषित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

दो दशकों से अधिक समय से, यह पहल हडको के **विश्व पर्यावास दिवस** समारोह का एक प्रमुख अंग रही है, जो सुविधाओं से वंचित समुदायों के बच्चों को एक आदर्श शहरी पर्यावास के अपने लक्ष्य को कलात्मक रूप से चित्रित करने का एक अवसर प्रदान करती है। युवा प्रतिभागियों में रचनात्मकता और

आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए इस कार्यक्रम को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, गैर-सरकारी संगठनों और सहयोगी संगठनों से लगातार प्रशंसा मिली है।

विशेष आयोजन के रूप में इस वर्ष, हडको ने एक **लाइव टैलेंट शो** की शुरुआत की, जिससे बच्चों को गायन, नाटक, कविता और नृत्य में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। इस विशेष आयोजन ने न केवल कार्यक्रम की संवादात्मक भावना को समृद्ध किया, बल्कि समावेशिता और समग्र विकास के प्रति हडको की प्रतिबद्धता को भी उजागर किया।

इस वर्ष की प्रतियोगिता में विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों और अनाथालयों के लगभग 200 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दो श्रेणियों - जूनियर ग्रुप (8-11 वर्ष) और सीनियर ग्रुप (12-14 वर्ष) में प्रतिस्पर्धा की। इस वर्ष का विषय **"अर्बन क्राइसिस रिस्पांस"** था, जिसका उद्देश्य बच्चों को शहरों के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर विचार करने और एक लचीले, समावेशी तथा सतत् शहरी भविष्य के लिए अपने विचार प्रस्तुत करने हेतु प्रोत्साहित करना था।

पुरस्कृत चित्रकलाओं की प्रदर्शनी अक्टूबर में विश्व पर्यावास दिवस पर विज्ञान भवन में लगाई जाएगी, जहाँ माननीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे और विजेताओं को सम्मानित करेंगे। चित्रकला प्रतियोगिता जैसी पहलों के माध्यम से हडको के निरंतर प्रयास समावेशी विकास को बढ़ावा देने और सुविधाओं से वंचित समुदायों की युवा आवाज़ों को सशक्त बनाने हेतु अवसर प्रदान करने के अपने उद्देश्य की पुष्टि करते हैं।